फुटबॉल | अंडर 15 स्टेट यूथ लीग फुटबॉल चैंपियनशिप

# डायमंड रॉक ने सांची वारियर्स को 11-0 से दी शिकस्त



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वधान में ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड में आयोजित अंडर 15 स्टेट यूथ लीग फुटबॉल चैंपियनशिप में गुरुवार को दो मैच खेले गए। अमित रंजन देव सचिव मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पहला मैच डायमंड रॉक बालाघाट एवं सांची वॉरियर्स रायसेन के बीच खेला गया।

मैच के शुरूआत से ही डायमंड रॉक के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और सांची वारियर्स के गोल पर दबाव बनाया। खेल के 15, 20, 21,30, एवं 44वें मिनट में डायमंड रॉक ने लगातार 5 गोल किए। मध्यांतर तक डायमंड रॉक 5 गोल से आगे रही। मध्यांतर के पश्चात सांची वॉरियर्स ने कुछेक अच्छे आक्रमण किए, लेकिन तालमेल के अभाव में उन्हें गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद डायमंड रॉक ने लगातार आक्रमण किए और खेल के खेल के 60, 65, 70, 72, 80 और 89वें 6 और गोल दागकर मैच 11-0 से जीत लिया।

### ये रहे निर्णायक

मैच के निर्णायक राजेश चौहान, रवि परमार कुलदीप सिंह, वंदना यादव, रेफरी इंचार्ज जेएल श्रीवास एवंम मैच कमिश्नर दीपक परदेशी इटारसी रहे।

### मदन महाराज भोपाल की आसान जीत

दूसरा मैच मदन महाराज भोपाल एवं लाइंस एफसी जबलपुर के बीच खेला गया। इस मैच में भोपाल की टीम हावी रही। खेल के 10वें मिनट में भोपाल ने पहला गोल किया। इसके बाद 15वें मिनट में भोपाल ने गोल कर 2-0 से बढ़त हासिल की। दो गोल से पिछड़ने के बाद लायंस एफसी ने भोपाल के गोल पर दबाव बनाया और एक शानदार आक्रमण पर गोल दागकर बढ़त 2-1 से कम की। इसके बाद भोपाल के खिलाड़ियों ने लायंस एफसी को संभलने का मौका नहीं दिया और 25, 30 और 43वें मिनट में गोल कर 5- 1 की बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के बाद तीन और गोल दागकर भोपाल ने 8-1 से जीत हासिल की।



# राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 11-13 अप्रैल तक

**300 खिलाड़ी होंगे शामिल, महिला-पुरुष दोनों वर्गों में मुकाबले**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 11 अप्रैल 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में क्रीड़ा भारती जबलपुर के संरक्षक डॉ. अनुराग सोनी ने बताया कि क्रीड़ा भारती महाकौशल प्रांत के तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 अप्रैल को शाम 5 बजे मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह में जबलपुर के महापौर जगत बहादुर 'अन्नू' सिंह और क्रीड़ा भारती महाकौशल के क्षेत्र संयोजक अनंत डीके उपस्थित रहेंगे। इस चैंपियनशिप में सब-जूनियर और जूनियर वर्ग के अंतर्गत महिला एवं पुरुष दोनों श्रेणियों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# एथेंस में यश ने अंतरराष्ट्रीय वुशू में जीते 2 गोल्ड, 1 सिल्वर

**▶ शहर के खिलाड़ी ने 19 देशों के बीच दिखाया दम, एक्रोपोलिस इंटरनेशनल वुशू ओपन में शानदार प्रदर्शन**



**नवभारत, जबलपुर।** ग्रीस की राजधानी एथेंस में आयोजित '6वीं एक्रोपोलिस इंटरनेशनल वुशू ओपन टूर्नामेंट' (13-15 मार्च 2026) में जबलपुर के प्रतिभाशाली वुशू खिलाड़ी यश नामदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

यश नामदेव ने 'नानक्वान' और 'नानगुन' स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल हासिल किए, जबकि 'नानदाओ' में सिल्वर जीतकर कुल तीन पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में 19 देशों के 1,100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जबलपुर के महाराजपुर क्षेत्र के निवासी यश की इस उपलब्धि से न केवल शहर बल्कि देश का गौरव बढ़ा है। यश ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास को दिया है। अब उनका लक्ष्य आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं और एशियन गेम्स हैं।

## 9 साल के मासूम का हाथ मरोड़ा, पीटा

**नवभारत, जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत न्यू ग्रीन सिटी में मामूली बात को लेकर पड़ोसी ने न केवल पड़ोस में रहने वाली महिला और बच्चे के साथ अभद्रता की, बल्कि घर में घुसकर 9 साल के मासूम बच्चे का हाथ मरोड़ उसके साथ मारपीट भी कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समदड़िया न्यू ग्रीन सिटी गली नं. 22 निवासी श्रीमती महक मोटवानी 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 9 साल का बेटा मयन मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ घर के सामने सड़क पर खेल रहा था। खेलने के दौरान किसी बच्चे ने पड़ोसी नितिन कुमार नेमा के घर के आंगन में एक खाली बोतल फेंक दी। इस बात से आगबबूला होकर नितिन नेमा ने शंका जाहिर की कि बोतल मयन ने फेंकी है।

# रेलवे स्टेडियम में होगी चौकों और छक्को की बरसात



**नवभारत, जबलपुर।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) व आल इंडिया रेलवेमैंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के तत्वावधान में गुरूवार 9 अप्रैल की शाम से अंतर विभागीय 10-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ। इस दौरान रेल कर्मचारी अपनी-अपनी ड्यूटी के साथ-साथ क्रिकेट के मैदान पर भी चौकों-छक्कों की बरसात कर लोगों को एंटरटेन करेंगे। इस प्रतियोगिता में जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों, डिपो की 32 टीमें भाग ले रही हैं इस संबंध में डबलूसीआरईयू के मंडल सचिव कामरेड रोमेश मिश्रा ने बताया कि रेल कर्मचारी की लाइफ काफी व्यस्तता होती है, उसके पास रेलवे की ड्यूटी के दौरान अपने मनोरंजन के लिए वक्त नहीं मिल पाता है इसी व्यस्तता भरी जिंदगी के बीच कुछ पल खेल मैदान में मनोरंजन का मंच देने का निर्णय डबलूसीआरईयू-एआईआरएफ ने किया है जिसके तहत प्रतिवर्षानुसार इस साल भी गुरूवार 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक रेलवे के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से सुसज्जित 32 टीमें मैदान में एक-दूसरे का जबर्दस्त मुकाबला करेंगी और जमकर चौकों -छक्कों की बरसातें होंगी।

## जर्जर पुलिस क्वार्टर दे रहे हादसे को न्यौता

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के जैतहरी नगर में स्थित लगभग सात-आठ दशक पुराने जर्जर पुलिस सर्किल क्वार्टर को लेकर एक बार फिर प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री एवं कृषि उपज मंडी जैतहरी के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सिंह मरावी ने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पत्र लिखकर इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जुलाई 2024 में जारी आदेश के तहत लोक निर्माण विभाग की अनुपयुक्तता रिपोर्ट के आधार पर जिले के जर्जर भवनों को ध्वस्त कर समतलीकरण की अनुमति दी गई थी। इस आदेश के पालन में जैतहरी नगर के कई भवन—जैसे मिडिल स्कूल, वन विभाग निरीक्षण कुटीर तथा प्राथमिक स्कूल मनागंज (वार्ड 11)—को कई माह पूर्व ही तोड़कर समतल कर दिया गया।

# जबलपुर संभाग की सीनियर महिला क्रिकेट टीम घोषित

**▶ पायल बाल्मीकि को कप्तानी, आज से लगेगा प्रशिक्षण शिविर**



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक के अनुसार मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर बालिका वर्ग की जे.एस. आनंद संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन कर लिया गया है। यह प्रतियोगिता 20 अप्रैल 2026 से इंदौर संभाग में खेली जाएगी, जबकि चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 11 अप्रैल से प्रारंभ होगा।

टीम की कमान पायल बाल्मीकि को सौंपी गई है, जबकि मुस्कान विश्वास (कटनी) को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में सृष्टि नागपूरे, सान्या चौरसिया, सुचि उपाध्याय, पूर्वी सिंह राजपूत, मोनिका पवार, आर्या चौधरी, आफिया खान, भूमि पटेल, ऋषिका जैन, छवि झा, प्रांजली दुबे, सोनाली रजक और माधुरी पासी को शामिल किया गया है। अतिरिक्त खिलाड़ियों में रागिनी सिंघारे (सिवनी), प्रियांशी सिंह (कटनी), आकांक्षा चौरसिया, रागिनी तुरकर (सिवनी) और आशी तिगनाथ (नरसिंहपुर) को स्थान मिला है। चयनित खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है और टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

## 9.267 किलो गांजा जब्त दो तस्कर गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत अनूपपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना जैतहरी पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 9.267 किलोग्राम गांजा जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मसरूके की कुल कीमत लगभग 2.21 लाख आंकी गई है। पहली कार्रवाई 7 अप्रैल की रात कस्बा पेट्रोलिंग के दौरान कुसुमहाई रोड पर की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल चालक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश राठौर उम्र 40 निवासी ग्राम गोरसी जिला उमरिया बताया।



## अधिवक्ता की फेक आईडी बना की पैसों की डिमांड

**नवभारत, जबलपुर।** संजीवनी नगर निवासी एक अधिवक्ता की साइबर ठग ने फेक इंस्टाग्राम बना ली और उनके परिचितों को मैसेज करते हुए पैसों की डिमांड कर रहा है जब इसकी जानकारी अधिवक्ता को लगी तो उन्होंने मामले की शिकायत सायबर सेल में की । जानकारी के अनुसार संजीवनी नगर निवासी निशांत मिश्रा अधिवक्ता है। साइबर ठग ने उनकी फर्जी इंस्टाग्राम इंस्टाग्राम आईडी बनाई और उनके परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग की। गुरूवार को जब उन्हें इसका पता चला तो मामले की उन्होंने शिकायत की और आईडी बंद करने, आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

# ढाबे के पीछे चल रहे जुए के फड़ पर दबिश, 7 जुआरी गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** मनसकरा बाईपास स्थित एक ढाबे के पीछे सजे जुआ फड़ पर सिहोरा पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेल रहे 7 आरोपियों को रंगे हाथों दबोचा है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों के साथ हजारों की नगदी जब्त की है।

थाना प्रभारी श्रीमती प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि सूचना मिली थी कि अवधेश गुप्ता के ढाबे के पीछे कुछ लोग बड़े स्तर पर हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना पर घेराबंदी कर दी। अचानक हुई इस छापामार कार्रवाई से मौके पर भगदड़ मच गई, 7 जुआरियों को पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरी



रवि प्रकाश सरावगी निवासी वार्ड-6, विनोद गुप्ता निवासी वार्ड-1, श्यामनारायण गुप्ता निवासी वार्ड-3, विष्णुप्रसाद साहू निवासी वार्ड-4 कटरा, धीरेन्द्र सिंह निवासी गुप्ता ढाबा, प्रदीप दुबे निवासी वार्ड-4 और राजकुमार साहू निवासी कालभैरव चौक के कब्जे से ताश के 52 पत्ते और कुल 35,000 रुपये नगद बरामद किए हैं।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे सरनेम की SPELLING MOHAK AGARWAL थी जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज है अब मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे नाम तथा सरनेम की SPELLING MOHAK AGRAWAL है अतः आज दिनांक से मुझे MOHAK AGRAWAL के नाम से जाना पहचान एवं पढ़ा लिखा जावे

पुराना नाम
MOHAK AGARWAL
नया नाम
MOHAK AGRAWAL

## नाम परिवर्तन/आम सूचना

मैं इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्व सामान्य को सूचित करना चाहता हूँ कि, मेरे पुराने पासपोर्ट में में मेरा नाम SANJAY CHADDA संजय चड्डा, मेरे पिता जी का नाम SUBASH सुभाष चड्डा मेरी माता का नाम PROMILA CHADDA प्रोमिला चड्डा लिखा हुआ है एवं मेरी पत्नि का नाम SHIPRA CHADDA शिप्रा चड्डा निवासी 2634 नियर जॉय पोल्ट्री नॉर्थ सिविल लाईन जबलपुर लिखा हुआ है। यह कि मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड वोटर कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम SANJAY CHADDA संजय चड्डा, मेरे पिता जी का नाम SUBHASH सुभाष चड्डा मेरी माता का नाम 'PROMILA CHADDA प्रोमिला चड्डा लिखा हुआ है एवं मेरी पत्नि का नाम SHIPRA CHADDA शिप्रा चड्डा लिखा हुआ है, निवासी- मकान नम्बर 2634 नियर क्राईचर्च गर्ल्स स्कूल नार्थ सिविल लाईन्स जबलपुर एवं वर्तमान में मेरे पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आई डी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम/पता यही लिखा है एवं इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है, पासपोर्ट में केवल मेरे पिता जी के नाम अंग्रेजी का एक अक्षर एच "H" मिस्सिंग है, विज्ञापन का मूल उद्देश्य मेरे पासपोर्ट का नवीनीकरण है।
पिता जी का पुराना नामः-SUBASH सुभाष चड्डा
वर्तमान में सभी दस्तावेजों में पिता जी का नामः-SUBHASH सुभाष चड्डा।

SANJAY CHADDA संजय चड्डा
मो-9522602542


# अवैध रेत उत्खनन पर पुलिस की कार्यवाही, ट्रैक्टर-ट्राली जब्त




**नवभारत, गोहपारू।** बुधवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नवाटोला क्षेत्र के कुनुक नदी, अटरिया में कुछ व्यक्तियों द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसे परिवहन एवं विक्रय हेतु ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रेत लोड कर ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर रोका गया। चालक वाहन को नदी में छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की गई परंतु वह नहीं मिला। पुलिस द्वारा मौके से नीले रंग का बिना नंबर का स्वराज 834 XM ट्रैक्टर एवं एक पुरानी कत्थई रंग की बिना नंबर की ट्राली, जिसमें अवैध रेत लोड थी, को जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान जप्त वाहन एवं रेत को थाना गोहपारू लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान आरोपी चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध धारा बी.एन.एस., धारा खनिज अधिनियम तथा सी.एम.व्ही. आर. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही निरीक्षक राजकुमार मिश्रा थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में सउनि. भागचन्द्र चौधरी, प्रआर, कोमल सिंह, प्रआर, रवि यादव, आरक्षक गुरू सिंह, आरक्षक राजकुमार, आरक्षक रामनरेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


## पश्चिम मध्य रेल

ई- निविदा सूचना
विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा) जबलपुर
एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2023-25RRR दिनांक 07.04.2026

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर / कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए । **1. कार्य का नाम :** जबलपुर मंडल में मौजूदा 33 केवी एचटी क्रॉसिंग को ओवरहेड क्रॉसिंग से भूमिगत केबलों में बदलने के लिए शेष कार्य।, **2. कार्य स्थल :** जबलपुर मण्डल ।, **3. कार्य की अवधि :** 12 माह, **4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू) :** रुपये 22,43,777.90/-(रुपये बाईस लाख तैंतालीस हजार सात सौ सतहत्तर और नब्बे पैसे मात्र), **5. बयाना राशि :** रूपये- 44,900.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 30.04.2026 15:00 बजे/30.04.2026 15:30 बजे, **7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट :** https/www.ireps.gov.in, **8.** निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें । निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

हस्ता.
वरि मं. वि. इंजी/क.वि., पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी

निविदा आमंत्रण क्र. 01/1369/व.ले.लि./2026-27 **निविदा सूचना** सिवनी दिनांक : 07/04/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_PWDRB_498093 | उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत खेड़ा टालाटाली मार्ग लम्बाई 1.60 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 15000 | 205.08 लाख | 205100 | 06 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| | | योग 1 कार्य | | | 205.08 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 24/04/2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/ प्रस/ लोनिवि./ 20, भोपाल दिनांक 03/11/2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTIGS/NEFT. के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें। इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप मे ई.एम.डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नही की जावेगी।

(इंजी.आर.के.हनुमंते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी

जी-11261/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता


# 2 किलो 993 ग्राम गांजा के समेत दो पकड़ाए



**नवभारत, जबलपुर ।** क्राइम ब्रांच एवं मदनमहल पुलिस ने 2 किलो 993 ग्राम गांजा के साथ महिला समेत दो को गिरफ्तार किया। टीआई धीरज राज ने बताया कि प्लेटफार्म नम्बर 1 के बाहर मदनमहल में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये थाना एवं क्राईम की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर प्यारेलाल पटेल 72 वर्ष निवासी उड़ना सड़क थाना पाटन एवं चंदा बाई बर्मन 50 वर्ष निवासी ग्राम मंजीठा थाना भेड़ाघाट को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर 2 किलो 993 ग्राम गांजा कीमती 1 लाख 49 हजार 650 रूपये का जब्त किया गया। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर बरगढ़ ओसिया निवासी मोनू सरदार से लाना बताये दोनों आरोपियों के कब्जे से गांजा जप्त करते हुये आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 993 ग्राम गांजा जप्त करते हुये एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

//निविदा सूचना//
N.I.T.No./PWD/08/PRO No.53 Dated : 09/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_498470_4 | खेरमाई वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह | 2000/- | 13/05/2026 |
| | Date-29/04/2026 | | ₹.4.14 लाख | 4147/- | |
| 2. | 2026_UAD_498470_5 | खेरमाई वार्ड अंतर्गत आशीष राय के घर से अमित कोरी के घर तक सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह | 2000/- | |
| | Date-29/04/2026 | | ₹.4.18 लाख | 4190/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// पंचम निविदा सूचना//
N.I.T.No./PWD/16/PRO No.51 Dated : 09/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_498879_1 | संभाग क्र. 16 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंतर्गत मरहूम निजाम होटल से राजू टेंट तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (निगम मद) | 04 माह | 2000/- | 23/04/2026 |
| | Date-17/04/2026 | | ₹.7.31 लाख | 7316/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर